बीएचईएल ने बांग्लादेश में मैत्री सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट की 660 मेगावाट इकाई को सफलतापूर्वक सिंक्रोनाइज किया

नई दिल्ली, 26 जुलाई: भारत हेवी इलेक्ट्रिकल्स लिमिटेड (बीएचईएल) ने बांग्लादेश में 1,320 मेगावाट मैत्री सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट (एसटीपीपी) की 660 मेगावाट यूनिट-2 को सफलतापूर्वक सिंक्रोनाइज कर बड़ी उपलब्धि प्राप्त की है। इस यूनिट के सिंक्रोनाइजेशन का कठिन कार्य जी2जी उच्च स्तरीय बैठक में दी गई प्रतिबद्धता पर किया गया है। प्रतिबद्धता दिए जाने के समय भी यह बहुत कठिन लक्ष्य था।

यह 2x660 मैत्री एसटीपीपी बांग्लादेश के रामपाल, मोंगला, बागेरहाट में स्थित है। इसे बांग्लादेश-भारत फ्रेंडशिप पावर कंपनी (बीआईएफपीसीएल) के लिए बीएचईएल द्वारा स्थापित किया जा रहा है। यह कंपनी बांग्लादेश पावर डेवलपमेंट बोर्ड (बीपीडीबी) और एनटीपीसी लिमिटेड की बराबर हिस्सेदारी वाला संयुक्त उद्यम है।

यह परियोजना भारत और बांग्लादेश के बीच सफल गठजोड़ का प्रतीक है। यह अधोसंरचना विकास परियोजना बांग्लादेश के लिए बड़ी प्राथमिकता है जिसका उद्देश्य देश में विश्वसनीय, लागत प्रभावी, बेस-लोड विद्युत उत्पादन करना है।

इस परियोजना में उत्सर्जन को कम के लिए अत्याधुनिक अल्ट्रा सुपरक्रिटिकल प्रौद्योगिकी का उपयोग किया गया है। इसके अलावा पर्यावरणीय प्रभावों को कम करने के लिए अन्य बातों के साथ-साथ कई और कदम भी उठाए गए हैं जैसे: एसओएक्स (SOx) उत्सर्जन को नियंत्रित करने के लिए फ्लू गैस डिसल्फराइजेशन सिस्टम की अनिवार्य स्थापना एवं उपयोग, उत्सर्जन के व्यापक फैलाव के लिए बांग्लादेश की सबसे ऊंची चिमनी (275 मीटर) की स्थापना, राख के कणों को नियंत्रित करने के लिए 99% से अधिक दक्षता वाला इलेक्ट्रोस्टैटिक प्रीसिपिटेटर लगाना; कोयले के कणों से होने वाले प्रदूषण से बचने के लिए ढका हुआ कोयला शेड और पाइप कन्वेयर; पानी की खपत को कम करने के लिए क्लोज्ड साइकल कॉलिंग वाटर सिस्टम और जीरो लिक्विड डिस्चार्ज इत्यादि।

बीएचईएल की समर्पित विशेषज्ञों वाली टीम ने मैत्री सुपर थर्मल पावर प्रोजेक्ट के सुचारू निष्पादन को सुनिश्चित करने के अथक परिश्रम किया है। कंपनी के कड़े गुणवत्ता नियंत्रण उपाय और अंतरराष्ट्रीय मानकों के पालन से एक ऐसा विद्युत संयंत्र स्थापित हुआ है जो न केवल बांग्लादेश की ऊर्जा आवश्यकताओं को पूरा करता है बल्कि परिचालन दक्षता और पर्यावरणीय जिम्मेदारी की दिशा में नए मानक भी स्थापित करता है। यह परियोजना पावर सेक्टर में बीएचईएल की विशेषज्ञता और प्रौद्योगिकीय कौशल का प्रत्यक्ष प्रमाण है। इस उपलब्धि से, विश्वसनीय और टिकाऊ ऊर्जा समाधान प्रदान करने वाले अग्रणी वैश्विक संगठन के रूप में बीएचईएल की स्थिति और मजबूत हुई है।